वनवासी कल्याण केन्द्र, झारखंड द्वारा प्रकाशित

# श्रद्धा

त्रैमासिक पत्रिका

वर्ष : 22 ◆◆◆ जुलाई–सितंबर – 2023 ◆◆◆ अंक : 40

## आजादी की लड़ाई में जनजाति समाज ने अपने नायकों के साथ बढ़ चढ़ के भाग लिया- श्री अतुल जोग




**रांची :** 29, 30 जुलाई को झारखण्ड प्रांत के नगर समितियों की दो दिवसीय बैठक अग्रसेन भवन, अपर बाजार, रांची में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्घाटन राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री अतुल जोग, अखिल भारतीय नगरीय प्रमुख श्री भगवान सहाय, अ.भा. शिक्षा प्रमुख श्री पी.वी. राधाकृष्णन, अ. भा. ग्राम विकास प्रमुख श्री बिन्देश्वर साहु, रांची महानगर अध्यक्ष श्री सज्जन सर्राफ, प्रांत मंत्री श्री पुनीत लाल एवं श्रीमती प्रतिभा गोयल जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

मुख्य वक्ता श्री अतुल जोग जी ने कहा कि भारत की कुल जनसंख्या में लगभग 12 करोड़ जनजाति समाज है। इनमें 705 जनजातियां हैं। भारत में सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या है। ब्रिटिश काल से ही षड्यंत्र के तहत् उपेक्षित जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए वनवासी कल्याण आश्रम सेवा कार्य कर रहा है। आजादी की लड़ाई में संपूर्ण जनजाति समाज ने अपने नायकों के साथ बढ़ चढ़ के भाग लिया।

नगरवासी-वनवासी हम सब भारतवासी का भाव निर्माण और सेवा प्रकल्पों के सुचारू संचालन व संगठन कार्यों में तन-मन-धन से सहयोग के लिए नगर समितियों का गठन किया जाता है। बैठक में जल-जंगल-जमीन से जुड़े जनजाति समाज के सर्वांगणि विकास, प्रकल्पों में वृद्धि, प्रकल्पों के गुणवत्ता विकास, जनजाति समाज की समस्याओं का निदान और आर्थिक पहलुओं पर विचार-विर्मश और चर्चा की गई।

रांची महानगर अध्यक्ष श्री सज्जन सर्राफ जी ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए महानगर द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों का संक्षिप्त वृत्त रखा। दो दिवसीय बैठक में प्रांत के 23 नगरों से कार्यकर्ताओं सहित 149 नगरीय प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। 5 सत्रों के इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री विनोद उपाध्याय जी ने वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा चलाये जा रहे 14 आयामों की विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्रीय नगरीय कार्य प्रमुख श्री हीरेन्द्र सिन्हा जी के सत्र में प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में चल रहे प्रकल्पों की जानकारी दी साथ ही आर्थिक पक्ष पर भी चर्चा की।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए वनवासी कल्याण आश्रम के अ.भा. नगरीय कार्य प्रमुख श्री भगवान सहाय जी ने कहा कि जनजातियों के झोपड़े से ही भारत विश्व गुरू बनेगा। उन्होने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम ने जनजाति समाज में नेतृत्व विकसित करने का काम किया है। आज जिला से लेकर राष्ट्रीय समिति में जनजाति समाज के लोग हैं।

30 जुलाई को समापन सत्र में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सन् 1952 में वनयोगी बालासाहब देशपाण्डे जी द्वारा वनवासी कल्याण आश्रम की नींव रखी गई। जनजाति

समाज के सर्वांगीण विकास की देशव्यापी कार्य करने की योजना सन् 1978 में बनी। उसके फलस्वरूप आज सम्पूर्ण देश में वनवासी कल्याण आश्रम का कार्य चल रहा है। जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कल्याण आश्रम 14 प्रकार के आयामों के माध्यम से सेवा कार्य कर रहा है। यह सेवा कार्य निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा है, जबकि ईसाई समाज की ओर से संचालित सेवा केन्द्रों के माध्यम से मतांतरण का खेल चल रहा है। कल्याण आश्रम की ओर से चलाए जा रहे छोटे-छोटे प्रकल्पों के माध्यम से मतांतरण पर रोक लगी है। समाज में अब बदलाव आ रहा है। विदेशों में भी सनातनी परंपरा, संस्कृति और विचारधारा धीरे-धीरे बढ़ रही है। जनजातीय समाज के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि इतिहास में उन्हें वो स्थान नहीं दिया गया जो मिलना चाहिए। हमें 1857 की क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का विद्रोह पढ़ाया गया, जबकि उससे लगभग 100 वर्ष पहले ही झारखण्ड के सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव ने अंग्रेजों के विरूद्ध विद्रोह किया। वनवासी कल्याण आश्रम ने जनजातीय गौरव पुस्तक का प्रकाशन कर ऐसे 75 जनजाति समाज के बलिदानियों को समाज के बीच लाने का काम किया है। जिनका इतिहास में कहीं उल्लेख नहीं है।

राँची महानगर अध्यक्ष श्री सज्जन सर्राफ जी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात् डॉ. जिज्ञासा ओझा जी के द्वारा वंदे मातरम गीत वंदना के साथ दो दिवसीय बैठक समाप्त हुई।

इस अवसर पर श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्रीमती संगीता पचिसिया, श्रीमती संगीता दत्ता, श्री मेघा उरांव, श्री के. एल. चौधरी, श्री रमेश अग्रवाल, श्री संतोष गुप्ता, श्री सोमा उरांव, श्रीमती पिंकी खोया, श्रीमती ममता सिन्हा, श्री सुशील अग्रवाल, श्रीमती श्रद्धा मोदी, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती लता मेहता, श्री योगेश मिश्रा, श्री अश्विनी मिश्रा, श्री के. एन, सिंह, श्री राकेश आनन्द, श्री अजय सिंह, श्रीमती गायत्री जायसवाल, श्री मदन मोहन पाण्डे, श्री महेश सिंह, डॉ. परमानन्द सिंह, श्री अमर गुप्ता के साथ अन्य नगरों के भी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करें- श्री विनोद उपाध्याय



**सलडेगा :** 31 जुलाई को वनवासी कल्याण केन्द्र की सम्बद्ध इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, सलडेगा, सिमडेगा में प्रान्त स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री बादल राज, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा, विशिष्ट अतिथि श्रीमान देवव्रत पाहन, क्षेत्रीय संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह संरक्षक श्रीहरि द्वारा किया गया।

श्रीमान देवव्रत पाहन जी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विज्ञान प्रदर्शनी भी एक महत्वपूर्ण अंग है। प्रदर्शनी को देखकर ऐसा लगता है कि हमारे बच्चे भी विज्ञान के क्षेत्र में कम नहीं हैं। तपकरा विद्यालय के पूर्व छात्र श्री सोहन यादव वैज्ञानिक के रूप में चंद्रयान-3 का हिस्सा रहे, जो हम सबके लिये गर्व का विषय है।

क्षेत्र संगठन मंत्री श्री विनोद उपाध्याय जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर प्रतिभा क्षमता को विकसित किया जा रहा है। विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करने, वैज्ञानिक बनने, विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने एवं उनके अंदर रचनात्मक शक्ति व खोजी प्रवृति बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। प्रदर्शनी में 14 विद्यालयों के 70 प्रतिभागीयों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम बसिया, द्वितीय बहरागोड़ा, तृतीय रामरेखाधाम, चतुर्थ मनोहरपुर एवं पंचम स्थान सलडेगा की टीम रही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमान ओम प्रकाश साहू, श्री शिवेंद्र लाल माणिक, श्री सुभाष चंद्र दुबे, श्री मनोज प्रसाद, श्री लखबीर सिंह, श्री अजय नंदन, श्री लहरू सिंह, श्री जगमोहन बड़ाईक, श्री

पुरूषोत्तम अग्रवाल, श्री अरूण सिंह, श्रीमती सावित्री भारती, श्री हरिश्चन्द्र भगत, श्री रामकृष्ण महतो, श्री रमेश महतो, श्री राजेन्द्र साहू सहित विद्यालयों से आए हुए आचार्य, प्रधानाचार्य, अभिभावक उपस्थित रहे।

**सोनुवाः** निश्चिंतपुर स्थित दीनदयाल शिशु मंदिर विद्यालय में भी विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कक्षा दो से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने कुल 56 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर विज्ञान कौशल का प्रदर्शन किया।

इसमें सोलर सिस्टम, वर्षा जल संरक्षण, लिफ्ट हाउस, चंद्रयान-3, पवन मिल, पवन चक्की, जलचव, मानव श्वसन तंत्र, मानव हृदय, रेन डिडक्टर, जेसीबी, स्ट्रीट लाइट, म्यूजिक फायर डांस मॉडल प्रमुख थे। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री रामेश्वर तैसूम, सचिव श्री हरेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सह मुखिया श्री संजीव कुमार कांडेयांग ने किया।

## एकल विद्यालय के नवीन आचार्यों का प्रशिक्षण

**गुमला :** 3-5 जुलाई को गुमला जिले के बीरकेरा एवं आंजन संच के एकल विद्यालय के आचार्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग बाल्मिकी आश्रम छात्रावास, पुग्गु, गुमला में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत एकल विद्यालय योजना प्रमुख श्री कामेश्वर साहु, विभाग संगठन मंत्री श्री नरेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री श्री खेदू नायक द्वारा एकल विद्यालय के संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी नवीन आचार्यों को दी गई। सभी आचार्यों को भंसाली ट्रष्ट, मुम्बई के सौजन्य से प्राप्त सब्जी बीज का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री बिरजू नगेसिया, श्री छोटया महतो भी उपस्थिति रहे।

## विद्यासागर में पूर्णकालिन कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ

**विद्यासागर :** 27-29 जून को गिरि वनवासी कल्याण परिषद् के विद्यासागर केन्द्र, जामताड़ा में प्रांतीय पूर्णकालिन कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन जामताड़ा जिला संघचालक श्री मिथिलेश ओझा, अ.भा. सह संगठन मंत्री श्री रमेश बाबु, अ.भा. सह शिक्षा प्रमुख श्री ब्रजमोहन मंडल जी द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य अतिथि श्री मिथिलेश ओझा जी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने कार्य एवं उद्देश्य की स्पष्टता रहनी चाहिए। यह देश हम सबका है, यहाँ के लोगों के सुख-दुःख में हम सबको भागीदार बनना चाहिए। इसी कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की गई है। भारत में सबसे ज्यादा विदेशी आक्रमण हुए हैं, उसके बावजूद हमारा देश अब भी पूरी शक्ति के साथ खड़ा है, इसके पीछे यही संगठन भाव व राष्ट्रीय एकता है। भारत का वैभवशाली इतिहास रहा है। इसके इस वैभवशाली इतिहास को आगे बढ़ाने के लिए बहुत से संगठन आज लगे हुए हैं। हमारे कार्यों को बढ़ाने के लिए हममें आवश्यक गुणों का होना बहुत जरूरी है, गुणों की वृद्धि हेतु प्रशिक्षण वर्ग का होना अतिआवश्यक है। हम सबको हमारी वैभवशाली संस्कृति और परंपरा के रक्षण हेतु एक होने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय सह संयोजक-जनजाति सुरक्षा मंच के डॉ. राजकिशोर हांसदा जी ने कहा कि कार्य करते-करते अपने कार्य में थोड़ी थकावट या कमी आ जाती है तो इसे दूर करने के लिए इस प्रकार के अभ्यास वर्गों की आवश्यकता होती है। इससे हमें एक नई ऊर्जा की प्राप्ति होती है, जिससे हम अपने कार्यों का संचालन सुचारू रूप से कर सकेंगे। हमारे कार्यों में गति देने हेतु इस प्रकार के अभ्यास वर्ग अतिआवश्यक है।

श्री ब्रजमोहन मंडल जी ने कहा कि हमारी भूमि क्रांतिकारियों की भूमि रही है, यहां सिदो-कान्हु, चाँद-भैरव, फूलो-झानो आदि ने इसकी रक्षा हित में अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। जनजातीय समाज के वीरों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और शहीद भी हुए।

देश के जनजातीय वीरों की वीर गाथा को राष्ट्रीय पटल पर लाने का कार्य वनवासी कल्याण आश्रम ने किया है। जनजातीय समाज को आत्मबोध का ज्ञान वनवासी कल्याण आश्रम के द्वारा कराया जाता है। हमारा समाज एक सनातन हिन्दु समाज है, इस बात को भी जनजातीय समाज तक पहुँचाना हम सबका कार्य है। हमारे विरोधी लोग जनजातीय समाज को अलग बताकर उनके अन्दर गलतफहमी फैलाकर और गलत भावना का बीज बोकर उनका धर्मांतरण करने का कार्य करते है। हमारा कार्य उन्हीं राष्ट्र विरोधी ताकतों को रोककर जनजातीय समाज को संगठित कर उनकी धर्म-संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने का है।

## पेसा कानून एव वनाधिकार कानून पर ग्रामसभा जागरण कार्यशाला

**खूंटी** : 17,18 जून को पेसा कानून एव वनाधिकार कानून पर दो दिवसीय ग्रामसभा जागरण कार्यशाला खूंटी स्थित SGVS अस्पताल परिसर अनिगड़ा में अ. भा. जनजाति हितरक्षा प्रमुख मा. गिरीश कुबेर जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में खूंटी, राँची एवं रामगढ़ जिले के 62 महिला-पुरूष प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला के प्रथम दिन विभिन्न सत्रों में पेसा कानून एवं दूसरे दिन के सत्रों में सामुदायिक वनाधिकार पट्टा की प्रक्रियाओं पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों के साथ सामुदायिक वनाधिकार विषय पर चर्चा में मा. गिरीश कुबेर जी, पदम भूषण श्री कड़िया मुण्डा जी (पूर्व सांसद एवं लोकसभा उपाध्यक्ष), श्री भीम सिंह मुण्डा, वनवासी कल्याण केन्द्र के उपाध्यक्ष श्री सुदन मुण्डा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में डॉ. प्रदीप मुण्डा, कैप्टन देवाशीष मिश्र, श्री त्रिभुवन शर्मा, श्री हलधर महतो ने अहम् भूमिका निभायी।

इस अवसर पर श्री सुशील मराण्डी श्री संदीप उरांव, सोमा उरांव, राजेन्द्र बड़ाईक, साधो मुण्डा, उमेश बड़ाईक, छत्रपाल सिंह मुण्डा, डॉ. निर्मल सिंह, श्री विजय साहु, लक्ष्मी बाखला, नौरी पूर्ती, श्री अर्जुन बड़ाईक उपस्थित रहे। इस कार्यशाला को सफल बनाने में सर्वांगीण ग्राम विकास संस्था (SGVS) खूंटी का सराहनीय योगदान रहा।

## मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए अभिनंदन समारोह

**रांची** : 16 जुलाई को श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सुकुरहुट्टू, रांची में प्रांत स्तरीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अमर कुमार चौधरी द्वारा मैट्रिक झारखण्ड बोर्ड 2023 की परीक्षा में संस्था द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिरों से 85% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 105 मेधावी छात्र-छात्राओं तथा मेधावी छात्र परीक्षा पंचम एवं अष्टम कक्षा की प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 6 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय सह शिक्षा प्रमुख श्रीमान ब्रजमोहन मंडल ने कहा कि हमें अपने अतीत और वर्त्तमान को देखते हुए भविष्य की योजना बनानी चाहिए और हम सबको राष्ट्र के कार्य में भी अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमान डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि झारखण्ड ऐसा प्रदेश है जहाँ अभी भी 40 प्रतिशत लोग अभावग्रस्त हैं, वे मूलभूत आवश्यकता, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से वंचित हैं। इन वंचित लोगों के बीच



इनके शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, संस्कृति आदि के संरक्षण का जो दायित्व श्रीहरि वनवासी विकास समिति ने उठाया है वह प्रशंसनीय है। प्रारंभिक स्तर पर स्थानीय भाषा में शिक्षा देने पर विचार करना चाहिए। नई शिक्षा नीति में इस बात पर जोर भी दिया गया है। हम सब अपनी प्रतिभा के बल पर किसी भी मुकाम पर पहुँच सकते हैं। हम सबको डॉक्टर, इंजिनीयर बनने से पहले एक अच्छा इंसान बनना चाहिए। वनवासी कल्याण केन्द्र के कार्य और कार्यकर्त्ताओं को देखकर ऐसा लगता है कि वे झारखण्ड की तकदीर और तस्वीर जरूर बदलेंगे।

इस अवसर पर श्री देवव्रत पाहन, क्षेत्रीय संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, श्री विनोद उपाध्याय, श्री देवनन्दन सिंह, श्री सुशील मरांडी, श्री सुभाष चन्द्र दुबे, श्री लखबीर सिंह, श्री मनोज प्रसाद, श्रीमती आभा देवी, श्री तुलसी प्रसाद गुप्ता, श्रीमती सुषमा देवी, श्रीमती प्रो. तनुजा मुण्डा, श्री प्रकाश मोहन सिंह, श्रीमती रेणुका सिंह, श्री जयशंकर राय, श्रीमती प्रेमशीला देवी, श्री जगमोहन बड़ाईक, श्री दीनबंधु सिंह, श्री हीरालाल महतो सहित गणमान्य बंधु उपस्थित थे।

# प्रकृति में पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए वृक्षा रोपण




**बोकारो** : 20 अगस्त को चंदनकियारी प्रखण्ड अंतर्गत जनजाति ग्राम-मुरलुडीह, सीधाटाड़ और कुंभीडोबा में फलदार पौधा रोपण किया गया। रोटरी क्लब बोकारो के सौजन्य एवं सहयोग से आम, अमरूद, कटहल, जामुन, आंवला, नीम, काजू, मेहोगनी, शीशम इत्यादि के 650 पौधे लगाये गये।

बोकारो जिला सचिव श्री दयाल कुमार ईश्वर ने कहा कि प्रकृति में पर्यावरण का संतुलन बनाएं रखने के लिए प्रत्येक वर्षा ऋतु में पौधा रोपण अभियान चलाया जाता है।

डॉ. शारदा रानी ने उपस्थित लोगों को बताया कि एक बड़ा वृक्ष सालाना करीब 100 से 120 किलोग्राम तक ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है। इसलिए एक औसत परिवार के लिए जरूरी ऑक्सीजन को पूरा करने का काम आसपास के दो बड़े वृक्ष प्राकृतिक रूप से कर लेते हैं और वृक्ष बड़ा तभी होगा जब हम वृक्ष लगाएंगे। जंगल और पेड-पौधे मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन के अलावा फल, फूल, औषधि, कागज और बहुमूल्य इमारती व फर्नीचर की लकड़ी उपलब्ध कराते हैं। घने जंगल ही बादलों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं, जिनके कारण पृथ्वी पर वर्षा होती है। नदियों के किनारे वृक्षों की जड़े ही मिट्टी को पकड़ कर रखती है और कटाव को रोकती है।

वृक्षारोपण के क्रम में कटहल के पौधे तैयार करने के लिए रोटरी क्लब बोकारो के सौजन्य से प्राप्त उन्नत किस्म के कटहल के बीज जनजाति ग्रामीण परिवारों के बीच वितरित किये गये। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री शंकर प्रसाद मुर्मू, श्री मदन महतो, श्री मंगल मुर्मू, श्रीमती भानु रजवार, श्री कान्हू उरांव, श्री हराधन रजवार, श्री राम रजवार उपस्थित रहे।

# विश्व उद्यमिता दिवस पर गुमला मे कार्यक्रम

**गुमला** : 21 अगस्त को वनवासी कल्याण केन्द्र, गुमला द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत् जिला रोजगार सृजन केन्द्र, सरस्वती विद्या मंदिर डी.एस.पी. रोड, गुमला में विश्व उद्यमिता दिवस मनाया गया।



जिला उद्योग गुमला के प्रबंधक श्री मनोज कुमार एवं श्री रघवुर सिंह ने बताया कि किसी को भी रोजगार करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन केन्द्र के द्वारा 20 से 50 लाख तक का सब्सिडी लोन उपलब्ध कराया जाता है, जिससे लोग व्यवसाय से जुड़कर बेरोजगारी को मिटा सकते हैं।

क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख श्री राघव राणा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योजनानुसार लगभग 18-20 स्वयंसेवी संगठन देश भर में बेरोजगार युवक-युवतियों को लघु उद्योग से जोड़कर रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से गुमला में भी रोजगार सृजन केन्द्र संचालित किया जा रहा है। यहां लाह प्रोसेसिंग, इमली प्रोसेसिंग, महुवा लड्डू बनाना इत्यादि का प्रशिक्षण देकर लोगों को रोजगार से जोड़कर पलायन को भी रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर संघ के गुमला विभाग प्रचारक मा. शम्मी जी, श्री केशवचन्द्र साय, श्री विजय उरांव और अन्य कार्यकर्ताओं के साथं सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र व आचार्य उपस्थित थे।

# रांची स्थित बहुउद्देशीय भवन का निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ किया गया





**रांची :** वन-वृंदावन कॉलोनी, चिरौंदी, रांची स्थित वनवासी कल्याण केन्द्र के बहुउद्देशीय भवन (जी+4) का निर्माण कार्य कोरोना काल से बंद था। 27 जुलाई 2023 को इसके द्वितीय चरण का निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए श्री गणेश पूजन किया गया। पूजा के यजमान श्री संदीप उरांव और उनकी धर्मपत्नी रहीं।

पूजा के पश्चात् एक सभा की गई जिसमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमान अतुल जोग जी ने संगठन को एक परिवार बताते हुए कहा कि निर्माण कार्य को रांची का परिवार ही पूर्ण करे तो अच्छा है। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव पर चल रहे वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि कल्याण आश्रम ने जनजाति स्कॉलरों के माध्यम से देश के आजादी की लड़ाई में शहीद जनजाति वीरों को खोज कर उनकी जीवनी प्रकाशित की है और राष्ट्र आज उन्हें जान रहा है। उन्होने झारखण्ड के जनजाति बहुल क्षेत्र होने के कारण रांची में जनजातीय रिसर्च सेंटर खोलने का प्रयास करने के लिए कहा।

सभा को प्रांत अध्यक्ष डॉ. सुखी उरांव और क्षेत्र संघचालक मा. देवव्रत पाहन जी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मा. कृपा प्रसाद सिंह जी, महामंत्री श्री रिझू कच्छप, कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, क्षेत्रीय नगरीय प्रमुख श्री हीरेन्द्र सिन्हा, संगठन मंत्री श्री देवनंदन सिंह, श्री शिवेन्द्र लाल माणिक, श्रीमती प्रतिभा गोयल, श्रीमती संगीता दत्ता, श्री सुभाषचन्द्र दूबे, श्री बी.एन. झा, श्री डी.डी. शर्मा, श्री विजय चौधरी, श्री तुलसी प्रसाद गुप्ता, श्री नरेश मुण्डा, श्री देवकी मुण्डा, श्री महेश मुण्डा, श्री मंगल सिंह मुण्डा, श्री बिध्यापति प्रधान, श्री दीनबन्धु सिंह, श्री जगमोहन बड़ाईक, श्री हीरालाल महतो सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खेल क्षेत्र में भी आगे रहकर देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें- श्री बादल राज, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी




**सरखुटोली :** श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित विद्यालयों की प्रांतीय फुटबॉल प्रतियोगिता 27,28 अगस्त को रामरेखाधाम शिशु/विद्या मंदिर, सरखुटोली, सिमडेगा में आयोजित की गई। उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री बादल राज, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा, विशिष्ट अतिथि प्रांत मंत्री श्री पुनीत लाल, प्रांत संगठन मंत्री श्री देवनंदन सिंह, उपाध्यक्ष-रामरेखाधाम विकास समिति श्री तपेश्वर प्रसाद, पूज्य रामरेखा बाबा (महंत), श्रीमती प्रतिभा राज, अध्यक्ष श्री शिवशंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के अवसर पर श्री पुनीत लाल ने कहा कि श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से शिक्षा के साथ खेलकूद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रांत संगठन मंत्री श्री देवनंदन सिंह ने कहा कि जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ही वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की गई है और श्रीहरि वनवासी विकास समिति इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा के साथ खेल के माध्यम से इस ओर अग्रसर है।

मुख्य अतिथि श्री बादल राज ने कहा कि भारत एक युवा देश है और आप सब इस युवा देश के कर्णधार है। भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ चला है, हम भी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहकर इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हमारे जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी विशेष महत्व है इसलिए हम सब खेल क्षेत्र में भी आगे रहकर देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें सकते हैं। परमपूज्य रामरेखा बाबा द्वारा अध्यक्षीय संदेश दिया गया।

प्रतियोगिता में 20 टीमों के 290 प्रतिभागियों ने भाग लिया। फाइनल मैच तपकरा और नवडीहा के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी शूट आउट से तपकरा की टीम विजयी रही।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रंजित कुमार महतो, थाना प्रभारी, पाकरटांड़ और विशिष्ट अतिथि श्री सुशील मरांडी-प्रांत सह संगठन मंत्री के साथ श्रीमती विनीता खाखा-मुखिया, कैरबेड़ा पंचायत, श्री सुभाष चन्द्र दुबे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सुभाष चन्द्र दुबे ने कहा कि रामरेखाधाम मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम की धरती है और यह अध्यात्मिक क्षेत्र है। समाज के सहयोग से इस जनजाति ग्रामीण क्षेत्र में संचालित शिक्षा प्रकल्प के द्वारा शिक्षा, संस्कार, सेवा भाव के साथ व्यक्ति निर्माण का कार्य हो रहा है। खिलाड़ियों के अंदर छिपी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नवडीहा से अतुल भगत, सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर नवडीहा से आशीष उराँव रहे। इन खिलाड़ियों को शील्ड, ट्रैकशुट एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मुखिया श्रीमती विनीता खाखा द्वारा मशाल विश्रांति किया गया। अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से खेल ध्वज का अवतरण करते हुए अगले वर्ष के प्रतियोगिता के लिए विवेकानंद विद्या मंदिर, बसिया को खेल ध्वज सौंपा गया।

## धर्म-संस्कृति, परंपरा से जुड़े रहने, खुशहाली के लिए कलश यात्रा और जलाभिषेक कार्यक्रम



वनवासी कल्याण केन्द्र के तत्वाधान में जगह- जगह कलशयात्रा सह जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। सभी जगह सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूषों ने कलशयात्रा में श्रद्धा पूर्वक सम्मिलित होकर अपने धर्म-संस्कृति, परंपरा से जुड़े रहने, क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना के साथ अपने-अपने गांव के देवभूमि शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

17 जुलाई को चतरा के सिमरिया प्रखण्ड क्षेत्र के देल्हो, खूंटी के तोरपा प्रखण्ड के तिलमी गांव में जलाभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। तोरपा में स्थानीय विधायक श्री कोचे मुण्डा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

24 जुलाई को गुमला के फसिया पंचायत अंतर्गत तर्री गांव, 31 जुलाई को गुमला जिला के रायडीह प्रखण्ड अंतर्गत कोब्जा पंचायत स्थित हिन्दू धर्म रक्षा उपकेन्द्र हीरादह धाम, रमजा में कलशयात्रा सह जलाभिषेक हुआ।

यहां के कार्यक्रम में उपस्थित अ. भा. सह ग्राम विकास प्रमुख श्रीमती राधिका लड्डा जी ने कहा कि आज हमारी बहनें लव जिहाद का शिकार हो रही हैं और जगह-जगह धर्मांतरण कराया जा रहा है। वनवासी कल्याण आश्रम के द्वारा ग्राम स्तर पर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। हम सबको अपने धर्म-संस्कृति एवं परंपरा को बचाए रखने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया।

इसी तरह 31 जुलाई को सरायकेला के चाण्डिल प्रखण्ड के एकल विद्यालय, 01 अगस्त को खूंटी जिला के जरियागढ़ थाना अंतर्गत डहकेला गांव, 25 अगस्त को गुमला के रायडीह प्रखण्ड के कोंडरा पंचायत के मोकरा डोंगैतटोली, 29 अगस्त को लातेहार के महुआडाड़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम-पकरदी में जलाभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

**बोकारो** : 7 सितंबर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के शुभ अवसर पर चन्दनक्यारी के ग्राम पारबहाल में पर्यावरण एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक तुलसी जल कलशयात्रा एवं मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। अ. भा. ग्राम विकास प्रमुख श्री विन्देश्वर साहु जी ने अपने संबोधन में तुलसी पौधे के पर्यावरण एवं धार्मिक महत्व के बारे में उपस्थित लोगों को बताया. कार्यक्रम को ग्राम विकास प्रमुख श्री राघव राणा, जिला सचिव श्री ईश्वर दयाल जी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में 10 गांव से उपस्थित ग्रामीणों के बीच दो हजार तुलसी के पौधे वितरित किये गए।

## नगरवासी-वनवासी हम सब भारतवासी के भाव के साथ रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया

**राँची** : 13 अगस्त को वनवासी कल्याण केन्द्र के प्रांत मुख्यालय में रांची महिला समिति द्वारा संस्था द्वारा संचालित एकल विद्यालय के बच्चों के साथ रक्षाबंधन उत्सव सम्पन्न हुआ। वनवासी कल्याण केन्द्र द्वारा शिक्षा प्रकल्प के अंतर्गत झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में 390 एकल विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। रांची के आसपास के एकल विद्यालयों के बच्चों को महिला समिति के सदस्यों ने आमंत्रित करके तू-मैं-एक रक्त और नगरवासी-वनवासी हम सब भारतवासी के भाव के साथ बच्चों को रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें उपहार भी दिया। बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिवाकर उरांव, द्वितीय स्थान सलोनी कुमारी और तृतीय स्थान सुनैना कुमारी को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.ए.वी. विद्यालय प्रबंधन के क्षेत्रीय निदेशक श्री एम.के. सिन्हा ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत




सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि सृष्टि ने हमें विवेक, बुद्धि और समझ दी है जो अन्य प्राणियों से अलग करती है जिसे हमें समाज के उत्थान और सुधार में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन मे कहा की नेल्सन मंडेला ने कहा था कि शिक्षा एक ऐसा शस्त्र

है जिससे दुनिया बदल सकते हैं। हर व्यक्ति को ज्ञान, परिश्रम, संस्कार, विवेक और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सामंजस्य बनाकर चलना चाहिए ताकि देश और समाज का हित हो।

रांची महानगर समिति के अध्यक्ष श्री सज्जन सर्राफ जी ने कहा कि रांची महानगर समिति द्वारा अभी तक 295 निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में एकल विद्यालयों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जहां एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं उन ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। बच्चे शिक्षित होकर अपने घर, टोला, गांव को अपने अच्छे संस्कारों में ढाल रहे हैं।

वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह जी ने कहा कि देश के 367 जिलों के 5,5840 गांवों में कल्याण आश्रम का संपर्क है और देश के 15,577 स्थानों पर 20,243 सेवा प्रकल्प चलाये जा रहे हैं। यह सभी जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास और जागरूकता के लिए चलाये जा रहे हैं।

इस अवसर पर श्री कृपा प्रसाद सिंह, श्रीमती नीता सेठ, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती सुमित्रा मोदी, श्री रिझु कच्छप, श्री पुनीत लाल, श्री विनोद उपाध्याय, श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, श्री बी.एन. झा, श्री के.एल. चौधरी, श्रीमती प्रतिभा गोयल, अ.भा. शिक्षा प्रमुख श्री राधाकृष्णन जी, श्री पवन मंत्री, श्री हीरेन्द्र सिन्हा, श्री बिरेन्द्र शर्मा, श्री बेनी प्रसाद परशुरामपुरिया, श्रीमती कमलेश मिढ़ा, श्रीमती संगीता पचिसिया, श्रीमती सरोज गुप्ता, श्रीमती मिनाक्षी गुप्ता, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, श्रीमती लता मेहता सहित सैकड़ो बच्चे और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मंच संचालन श्रीमती ऋचा मिढा ने और धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ममता सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के बाद पहुंचे रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने कार्यकर्ताओं और बच्चों के साथ भोजन का आनंद लिया।

## रक्षा बंधन के दिन धर्म-संस्कृति एवं सामाजिक रीति-रिवाज, पर्यावरण, सनातन परंपरा और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी संकल्प लें- डॉ. शारदा रानी, बोकारो



**बोकारो** : 28 अगस्त को वनवासी कल्याण केन्द्र, बोकारो द्वारा चन्दनकियारी प्रखण्ड के झालबरदा पंचायत अन्तर्गत मोदीडीह में एकल विद्यालय के बच्चों द्वारा रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया।

महिला समिति सदस्या डॉ. शारदा रानी ने कहा कि आज केवल भाई-बहनों के बीच रक्षाबंधन का संकल्प लेना पर्याप्त नहीं होगा बल्कि हमें अपने धर्म-संस्कृति एवं सामाजिक रीति-रिवाज, पर्यावरण, सनातन हिन्दू परंपरा और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति सार्थक पहल करने का भी संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में नगर सचिव श्री महेश सिंह, कोषाध्यक्ष श्री उदयभानु मणि तिवारी के साथ बोकारो जिला समिति, बोकारो महानगर समिति, महिला समिति एवं जैनामोड़ नगर समिति के पदाधिकारी/सदस्य, विभाग संगठत मंत्री श्री मदन महतो, श्री आलोक माजी, श्री भानु रजवार, श्रीमती अणपूर्णा पांडे, श्रीमती रीता रजक, श्री नीलकंठ गोस्वामी, श्री हराधन रजवार, श्री कान्हू उरांव, श्री गोपाल महतो, अंतरा मांझी, मोदीडीह ग्राम समिति के सदस्य सह अभिभावक श्री राधे उरांव, श्री गोष्ठो उरांव, श्री संतोष उरांव, श्री विश्वनाथ उरांव, श्री जनार्दन उरांव, श्री सुधीर उरांव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**गुमला:** 29 अगस्त को संकुल ग्राम-सुगाकाटा के एकल विद्यालय के बच्चो द्वारा श्री कामेश्वर साहु, सुगाकाटा ग्राम प्रमुख श्री बिरजू नगेसिया, श्री फिरनाथ किसान, श्री मदन नगेसिया सिलम एवं अन्य ग्रामिणों के नेतृत्व में सी.आर.पी. एफ. कैम्प जाकर जवानों को रक्षा सूत्र बांधा गया।

30 अगस्त को शबरी कन्या आश्रम छात्रावास, गुमला की बहनों द्वारा सिलम स्थित मुक बधिर विद्यालय के बालक-बालिकाओं के साथ रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया।

इसी तरह रक्षा बंधन उत्सव खूंटी, लातेहार, चतरा, पलामू, गिरि वनवासी कल्याण परिषद के तत्तावधान में दुमका, साहेबगंज, श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर/औपचारिक विद्यालयों के अलावा अन्य प्रकल्प केन्द्रों पर भी धुमधाम से मनाया गया।

## कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र, नामकुम में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का उद्‌घाटन

**नामकुम** : 13 जुलाई को वनवासी कल्याण केन्द द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र, नामकुम, रांची में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दृष्टि से ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र का उद्‌घाटन किया गया।

इस अवसर पर रांची महिला समिति अध्यक्षा श्रीमती प्रतिभा गोयल, श्रीमती संगीता दत्ता, केन्द्र समिति अध्यक्ष श्री वीरू कच्छप, प्रांत संगठन मंत्री श्री देवनन्दन सिंह, श्री सुशील मराण्डी, केन्द्र प्रमुख श्री सीताराम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में प्रमाण पत्र के साथ सिलाई मशीनें वितरित की गईं




**लोहरदगा** : 18 अगस्त को लोहरदगा केंद्र में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सौजन्य से संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में 45 जनजाति महिलाओं को उनके सिलाई और कढ़ाई के प्रशिक्षण पूर्ण होने पर दक्षता प्रमाण पत्र के साथ मोटर चालित सिलाई मशीनें वितरित की गईं। वनवासी कल्याण केन्द्र के ग्राम विकास आयाम के अंतर्गत चलाए जा रहे इस सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से अभी तक 132 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। यहां से प्रशिक्षण और मोटर चालित सिलाई मशीन प्राप्त करके महिलाएं स्वावलंबी होकर रोजगार से जुड़ रही हैं और अपने परिवार को आर्थिक मदद कर रही हैं।

कार्यक्रम में ग्राम विकास आयाम के संरक्षक श्री कृपा प्रसाद सिंह, प्रांत के संघचालक श्री सच्चिदानंदलाल, क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख श्री राघव राणा, जिला सचिव श्री अजय पंकज और झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के श्रीमान दीनदयाल शर्मा जी के हाथों प्रमाण पत्र और मोटर चालित सिलाई मशीनें वितरित की गईं।

## संकुलीय प्रश्न-मंच प्रतियोगिता : बच्चे भावी भविष्य के कर्णधार हैं - कोचे मुंडा

**तपकरा**: वनवासी कल्याण केन्द्र की सम्बद्ध शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति के तत्वावधान में 11 सितंबर को अंतर संकुलीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता बिरसा सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, तपकरा में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमे प्रथम स्थान कुम्हारी, द्वितीय स्थान सलडेगा, तृतीय स्थान डोड़मा एवं चतुर्थ स्थान लचरागढ़ विद्यालय को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री कोचे मुंडा ने कहा कि संगठन द्वारा संचालित विद्यालयों में बच्चों की प्रतिभा के विकास हेतु इस प्रकार के आयोजन किये जाते है. बच्चों के अंदर की प्रतिभा व क्षमता विकसित होने से वे भारत को परम् वैभव की ओर अवश्य ले जायेंगे। बच्चे भावी भविष्य के कर्णधार हैं और आने वाला समय इनका है। हम सबको इनके भविष्य को निखारने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए।

कार्यक्रम में श्री चंद्रशेखर गुप्ता, श्री मुसाफिर विश्वकर्मा, श्री कुमुद चौधरी, श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, श्री प्रदीप चौधरी, श्री भारती केशरी उपस्थित रहे।

**सिलफोड़ी** : 11 सितंबर को जलवे देवी शिशु/विद्या मंदिर, सिलफोड़ी चक्रधरपुर में अंतर संकुलीय प्रश्न-मंच प्रतियोगिता में पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम की कुल 10 टीमों यथा-बहरागोड़ा, खरसावाँगढ़, मनोहरपुर, चन्द्री, बनकाटी, सिलफोड़ी, पाटपुर दरखुली, धालभूमगढ़, निश्चितपुर, बड़पोस ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान गायत्री शिशु मंदिर चंद्री, द्वितीय स्थान दीनदयाल शिशु/विद्या मंदिर निश्चिंतपुर, तृतीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर पाटपुर दरखुली, चतुर्थ स्थान सरस्वती शिशु मंदिर वनकाटी को मिला।

अखिल भारतीय सह शिक्षा प्रमुख ब्रजमोहन मंडल जी ने उद्‌घाटन के अवसर पर कहा कि बच्चों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर निकालने का यह श्रेष्ठ माध्यम है। इससे बौद्धिक व ज्ञान शक्ति का विकास होता है।

इस अवसर पर सिलफोड़ी पंचायत के उपमुखिया श्री सालुका कोंडकेल, समिति के अध्यक्ष श्री नरेश कोंडकेल, सचिव श्री नकुल महतो, संरक्षक श्री शम्भू चरण महतो, कोषाध्यक्ष श्री नीलकमल, श्री बाबूलाल पान, श्री ब्रजेश

कुमार, प्रधानाचार्य श्री रमेश महतो सहित अभिवावक उपस्थित थे।

**सलगी** : 30 सितंबर को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलगी में आयोजित अंतर संकुलीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में लोहरदगा, टोटो, महुआडांड़ संकुल के 10 विद्यालयों के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम सलगी, द्वितीय चैनपुर, तृतीय पावरगंज, लोहरदगा तथा चतुर्थ स्थान डुमरी विद्यालय को प्राप्त हुआ।

## नर सेवा नारायण सेवा के भाव से राँची महानगर समिति का निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**रांची** : वनवासी कल्याण केन्द्र, रांची महानगर समिति द्वारा 23 जुलाई, 27 अगस्त एवं 10 सितंबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 888 रोगियों को निःशुल्क जांच कर निःशुल्क दवा दी गई।

वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा अपने आरोग्य योजना के अंतर्गत झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य लाभ हेतु निशुल्क चिकित्सकीय सेवाएं दी जा रही हैं. इसी कड़ी में वनवासी कल्याण केंद्र, रांची महानगर समिति 28 वर्षों से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करते हुए 297 चिकित्सा शिविर लगा चूका है. इन शिविरों में स्त्री रोग, सामान्य मौसमी रोग, दांत और नेत्र रोग से संबंधित बीमार लोगों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच एवं चिकित्सकीय सलाह देकर दवा भी निःशुल्क दी जाती है साथ हीं ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए आवश्यक टिप्स भी कार्यकर्ताओं द्वारा दिए जाते हैं।

शिविर में जाने आने के लिए डी. ए. वी. प्रबंधन द्वारा निःशुल्क बस की सुविधा क्षेत्रीय निदेशक श्री एम. के. सिन्हा के सहयोग से प्रदान की जाती है।

नर सेवा नारायण सेवा के भाव से समय समय पर अपना बहुमूल्य समय देकर डॉ. उमेश जायसवाल, डॉ. अर्पणा, डॉ. ज्योत्सना सिन्हा, डॉ. उषा पांडेय, डॉ. बी एन पांडेय, डॉ. सुनील कुमार महतो, डॉ. सी एस पी वैश्य, डॉ. रंजन, डॉ. संजय बोदरा, डॉ. हरिहरन और भगवान महाबीर नेत्र अस्पताल बुटी मोड़ के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री शिवानंद प्रसाद अपने चिकित्सक दल के साथ अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करते हैं. शिविर को सफल बनाने में रांची महानगर अध्यक्ष श्री सज्जन सर्राफ, श्री के एल चौधरी, श्री निरंजन सर्राफ, श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री विनय मोदी, श्री पुरूषोत्तम लोहिया, श्री बेनी प्रसाद अग्रवाल, श्री सुरेश चौधरी, श्री संजय अग्रवाल, श्री रामचंद्र शर्मा, श्रीमती प्रतिभा गोयल, श्रीमती संगीता पचीसिया, श्री आई के जुल्का, श्री सुशील अग्रवाल, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती सुधा गुप्ता, मीनू अग्रवाल, श्री संतोष गुप्ता, निरूपा टोप्पो, संगीता कुमारी, किरण बांडो, श्रीमती संगीता दत्ता की सहभागिता रहती है

**जुलाई से सितम्बर 2023 तक के निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का विवरण-**

| क्र. | चिकित्सा शिविर संख्या | शिविर तिथि | शिविर स्थल | रोगी संख्या | दानदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 295 | 23.07.2023 | भण्डरा, खूंटी | 270 | पूज्य पिता जी स्व. डेडराज जी बगड़िया की स्मृति में श्री दिनेश जी बगड़िया, अपर बाजार, राँची |
| 2 | 296 | 27.08.2023 | सुमू, बुढ़मू, राँची | 215 | स्व. पवन कुमार अग्रवाल जी की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी अग्रवाल एवं उनके पुत्र श्री सुशील कुमार अग्रवाल तथा दीपक कुमार अग्रवाल, राँची |
| 3 | 297 | 10.09.2023 | बगदा, कांके, राँची | 300 | श्री कमल सेठ जी एवं श्रीमती रीना सेठ जी की पुत्री श्रेया सेठ एवं पुत्र साहिल सेठ, राँची |

## बिरसा नेत्रालय में निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन



**लोहरदगा :** बिरसा नेत्रालय में जुलाई से सितम्बर तक 1017 लोगों के नेत्र की जांच कर 98 रोगियों का डॉ. दीपक लकड़ा द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। सभी जांच और ऑपरेशन के साथ लेंस, चश्मा और दवाईयां निःशुल्क दी गई। जांच शिविरों को सफल बनाने में डॉ. नन्दा प्रसाद सिंह, रितु कुमारी, बसंती देवी, सचिव श्री परमेश्वर साहु के साथ स्थानीय समिति के सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

जुलाई से सितम्बर 2023 तक के निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का विवरण-

| क्र.सं. | माह | जाँच | ऑपरेशन |
|---|---|---|---|
| 1 | जुलाई | 432 | 18 |
| 2 | अगस्त | 379 | 52 |
| 3 | सितम्बर | 206 | 28 |
| कुल | | 1017 | 98 |

## भंसाली ट्रस्ट, मुम्बई से प्राप्त सब्जी बीजों का वितरण



भंसाली ट्रस्ट, मुम्बई से इस वर्ष भी उन्नत किस्म के 40 हजार सब्जी बीज पैकेट प्राप्त हुए। प्रत्येक पैकेट में करेला, भिंडी, नेनुआ, लौकी, कोहड़ा, सिम, बोदी इत्यादि के बीज थे। इन सबका वितरण झारखण्ड के 23 जिलों के 90 प्रखण्ड के 1565 गाँवों में 18,665 परिवारों के बीच किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर केंद्रों और प्रकल्पों पर तिरंगा फहराया गया



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर वनवासी कल्याण केन्द्र के रांची स्थित मुख्यालय में अध्यक्ष श्री सुखी उरांव ने और कौशल विकास केंद्र, नामकुम में श्री लाल काली शरणनाथ सहदेव ने राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वनवासी कल्याण केन्द्र के अन्य केन्द्रों और श्री हरि वनवासी विकास समिति के विद्यालयों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

## प्रकृति का महापर्व करम महोत्सव मनाया गया



**सलडेगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा, सिमडेगा में प्रकृति महापर्व करमा महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।


**संपादक : सुनील कुमार सिंह मो.: 9431382445**

**प्रकाशक :** प्रचार-प्रसार एवं प्रकाशन विभाग
वनवासी कल्याण केन्द्र, 32, आरोग्य भवन-1, बरियातु रोड, राँची-834009

**दूरभाष :** 0651-2540594 | **Email :**vanvasi@hotmail.com
**Web :** vanvasikalyankendra.org